# *प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-*
# *(पत्रांक-245/2025 दिनांक 02.09.2025)*
# *दिनांक-02.09.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-*

*अन्तर्जनपदीय चोरी/नकबजनी गैंग का पर्दाफाश, चोरी गये अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये के सामान जिसमें चोरी के जेवरात,मोटरसाइकिल, 25000/- रुपये नगद, चार पहिया वाहन तथा एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस .315 बोर इत्यादि बरामद तथा 03 शातिर चोर गिरफ्तार-*

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री निवेश कटियार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कसया श्री कुन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.09.2025 को थाना अहिरौली बाजार,थाना को0 हाटा, स्वाट तथा सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए कुल 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें दो अभियुक्त सोनार है जो चोरी के आभूषण खरीदता था। अभियुक्तों के पास से चोरी गये अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये के सामान की बरादमदगी की गयी है। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

*पूछताछ का विवरण-*
पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि इनका एक पेशेवर संगठित गिरोह है । जिसका सरगना जमालुद्दीन पुत्र रिसाद उर्फ इरसाद अली है। जमालुद्दीन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से जनपद कुशीनगर व आस-पास के जनपदों में दिन के समय सर्राफा दुकानों, कपड़ा दुकानों व सुनसान मकानों की रैकी करते हैं तथा रात्रि में सेंधमारी या खिड़कियां उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। चोरी का सामान सर्राफा कारोबारियों को बेच देते है । पूछताछ के दौरान यह भी संज्ञान में आया है कि जमालुद्दीन अवैध धन का उपयोग नेपाल में कसीनो में जुआ खेलने के लिये करता है। अभि0 जमालुद्दीन का अंतर्जनपदीय चोरी का लंबा आपराधिक इतिहास है। इसके विरुद्ध जनपद कुशीनगर व गोरखपुर में एक दर्जन चोरी के अभियोग पंजीकृत हैं ।

Edit with WPS Office

*अनावरित/पंजीकृत अभियोगः-*
1-मु0अ0सं0 186/2025 धारा 307 बीएनएस थाना अहिरौली बाजार, जनपद कुशीनगर
2-मु0अ0सं0 202/2025 धारा 305ए बीएनएस थाना अहिरौली बाजार, जनपद कुशीनगर
3- मु0अं0सं0 460/2025 धारा 305, 331(4) बीएनएस थाना कोतवाली हाटा, जनपद कुशीनगर
4- मु0अ0सं0 294/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर

*गिरफ्तार अभियुक्तगण-*
1. जमालुद्दीन पुत्र रिसाद उर्फ इरसाद अली साकिन बेंदुआर माफी टोला थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर
2. घनश्याम वर्मा पुत्र स्व0 मोतीलाल वर्मा साकिन वृंदावन कालोनी सुकरौली थाना हाटा जनपद कुशीनगर (सर्राफा व्यापारी)
3. भोला वर्मा उर्फ अभिषेक पुत्र जितेन्द्र वर्मा साकिन वृंदावन कालोनी सुकरौली थाना हाटा जनपद कुशीनगर (सर्राफा व्यापारी)

*विवरण बरामदगी- (कुल कीमत लगभग 15 लाख रुपये)*
1-मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गये नगद रूपये 25,000/- रुपये नगद (सम्बन्धित माल मुकदमाती भिन्न-भिन्न के)
2-चोरी के विभिन्न आभूषण पीली धातु(दो चैन,चार मंगलसूत्र,दो अंगूठी,तीन जोडी कान का झुमका, एक मांगटीका आदि)
3-सफेद धातु के विभिन्न आभूषण (दो जोड़ी पाजेब,तीन जोडी पायल,एक कंगन आदि)
4- एक अदद तमंचा मय दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
5- चोरी माल की बिक्री से खरीदी एक अदद कार टाटा अल्ट्रोज, वाहन संख्या UP 34BL 6665
6- चोरी माल की बिक्री से खरीदी गई एक अदद मोटरसाइकिल बजाज पल्सर वाहन संख्या UP57BY 2779

*अभि0 जमालुद्दीन का आपराधिक इतिहास-*
1. मु0अ0सं0 08/2015 धारा 457/380/411 भादवि गोरखनाथ गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 1247/2009 धारा 457/380/411 भादवि तिवारीपुर गोरखपुर
3. मु0अ0सं0 91/2012 धारा 457/380/411 भादवि कोतवाली

Edit with WPS Office

गोरखपुर
4. मु0अ0सं0 840/2016 धारा 380/411 भादवि कैण्ट गोरखपुर
5. मु0अ0सं0 97/2020 धारा 380/411/413 भादवि राजघाट गोरखपुर
6. मु0अ0सं0 35/2022 धारा 41/411/413 भादवि को0 हाटा कुशीनगर
7. मु0अ0सं0 23/2024 धारा 60 आबकारी एक्ट कोतवाली गोरखपुर
8. मु0अ0सं0 274/2024 धारा 331 (4)/305 (ए) बीएनएस अहिरौली बाजार कुशी0
9. मु0अ0सं0 290/2024 धारा 457/380 भादवि अहिरौली बाजार कुशी0
10. मु0अ0सं0 16/2025 धारा 305ए/317(2)/317(4) बीएनएस थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर

*बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीम:-*
1- प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर मय टीम
2- प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर मय टीम
3-उ0नि0 शरद भारती सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर मय टीम
4-उ0नि0 विपिन सिंह थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर
5-उ0नि0 शुभम कुमार भार्गव थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर
6-उ0नि0 राजनरायन यादव थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर
7-उ0नि0 अतुल कुमार बिन्द थाना अहिरौली बाजार कुशीनगर
8-उ0नि0 चन्द्रभूषण पाण्डेय चौकी प्रभारी सुकरौली थाना को0 हाटा जनपद कुशीनगर मय टीम
9- हे0का0 सनातन सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
10- हे0का0 संतोष सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
11- हे0का0 राहुल सिंह स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
12-हे0का0 रणजीत यादव स्वाट टीम जनपद कुशीनगर
13- का0 ऋषि पटेल स्वाट टीम जनपद कुशीनगर

***शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 114 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

***कार्यवाही एक नजर में=***
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-48

Edit with WPS Office

वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-39, व्यक्ति-131
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(03)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-117)

***सोशल मीडिया सेल***
***जनपद कुशीनगर***

Edit with WPS Office